




# सबसे गर्म दिन रहा रविवार, तापमान पहुंचा 44 डिग्री

## एसी-कूलर नहीं कर रहे काम, रात का न्यूनतम तापमान पहुंचा 25 .4 डिग्री, अब रात में भी राहत नहीं

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 26 अप्रैल, मई-जून के पहले ही गर्मी पूरे रिकार्ड तोड़ रही है, इस बार भीषण गर्मी पड़ रही है आसमान से आग बरस रही है. इस सीजन का सबसे गर्म दिन रविवार रहा, जब तापमान 44 डिग्री तक पहुंच गया. दिन भर तेज लू चलती रही, अभी तक रात में गर्मी से राहत थी लेकिन रात का न्यूनतम तापमान सीधे 22 डिग्री से 25.4 डिग्री पहुंच गया है.**

वही दिन का अधिकतम तापमान 44 डिग्री रहा और गर्म हवाएं 12 किलो मीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलती रही. हालाकि दो दिन के अंदर दो डिग्री तापमान में गिरावट की संभावना है. रात में गर्मी का असर कम था लेकिन रविवार को रात भी गर्म रही. पहली बार न्यूनतम



तापमान 25 डिग्री के ऊपर पहुंचा है. इस समय शादी-ब्याह का समय चल रहा है जिसकी रौनक अब फीकी हो गई है.

गर्मी से सभी बेहाल है हालत यह है कि दोपहर सड़को पर सन्नाटा रहता है, शाम 4 बजे के बाद ही लोग घरो से निकल रहे है. इस तरह की गर्मी मई और नौतपा में पड़ती है लेकिन इस बार अप्रैल मे ही गर्मी ने रौद्र रूप धारण कर लिया है, हर कोई परेशान है. रविवार को सबसे ज्यादा गर्मी रही, तेज धूप के साथ दिन भर गर्म हवाएं चलती रही. हालत यह थी कि शाम के बाद भी राहत नही मिली. दोपहर में होने वाले कार्यक्रमो मे लोग परेशान हो रहे है और बीमार पड़ रहे है. गर्मी से अभी राहत नही मिलेगी.

### फेल हो रहे ट्रांसफार्मर, जल रही केबल

समूचे प्रदेश के साथ रीवा में भी भीषण गर्मी इस समय पड़ रही है, आसमान से आग बरस रही है . हालत यह है कि एसी-कूलर तक काम नही कर रहे है . सुबह 8 बजे से ही गर्मी का असर शुरू हो जाता है, इस समय गर्मी के चलते खेत-खलिहानो में आग लग रही है . लगातार तापमान बढ़ रहा है जन-जीवन बुरी तरह से प्रभावित है . गर्मी बढ़ने के साथ विद्युत की समस्या भी खड़ी हो गई है . ट्रांसफार्मर फेल रहे है लगातार लोड़ बढ़ रहा है, यहा तक की केबिले जल रही है . विभाग का कहना है कि तापमान 44 डिग्री होने के कारण एक ओर जहा बिजली का लोड़ बढ़ा है वही दूसरी तरफ ट्रांसफार्मर एवं केबिलो में भी लोड़ पड़ रहा है जिसकी वजह से केबिले जल रही है .

### लू से बचने के बताए गए उपाय

इस समय भीषण गर्मी और हीटस्ट्रोक लू से बचना चाहिए . हालत यह है कि 8 बजे के बाद से तेज धूप और गर्मी हवाएं शुरू हो जाती है ऐसे में लू से बचना चाहिए . ज्यादा से ज्यादा नींबू पानी और हल्का भोजन करने के साथ धूप में नही निकलना चाहिये . सर को गमछे और टोपी से ढ़कना चाहिए, दोपहर घरो से बाहर न निकले और लू से बचने के लिये उपाय करने चाहिए . अस्पताल में भी लगातार मरीज बढ़ रहे है उल्टी-दस्त एवं बुखार के मरीज ज्यादा पहुंच रहे है .



# अनियमितता बरतने पर वाटर प्लांट यूनिट को किया गया सील

**नवभारत न्यूज**
**मऊगंज, 26 अप्रैल, मऊगंज जिले में राजस्व एवं खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा विभिन्न वाटर प्लांट एवं कैन आरो वाटर सप्लाई प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया.**

निरीक्षण के दौरान खटखरी स्थित केके इंडस्ट्रीज पैकेज ड्रिंकिंग वॉटर हिमालय ब्रांड पानी बोतल यूनिट में अनियमितता पाए जाने पर उसे सील कर दिया गया है. यह कार्रवाई कलेक्टर संजय कुमार जैन निर्देश पर डिप्टी कलेक्टर पवन गोरैया के नेतृत्व में गठित राजस्व एवं खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा की गई. निरीक्षण के दौरान पाया गया कि यूनिट के संचालक द्वारा यूनिट में फर्म का बोर्ड नहीं लगाया था. लाइसेंस, वॉटर टेस्टिंग लैब, वॉटर टेस्टिंग रिपोर्ट एवं अन्य सुसंगत दस्तावेज भी नहीं पाए गए. जिसके कारण तत्काल प्रभाव से वाटर प्लांट चलाने के लिए आवश्यक दस्तावेज पूर्ण होने तक प्लांट में प्रोडक्शन बंद कराया गया. राजस्व एवं खाद्य सुरक्षा की टीम ने तनु आरो कैन वॉटर सप्लाई एवं नव्या मिनरल्स का भी निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान संचालक को मेडिकल फिटनेस बनवाने एवं स्वच्छ परिस्थितियों में कैन वॉटर फीलिंग पानी का टीडीएस जांच करने के उपरांत सप्लाई करने के निर्देश दिए गए. पूर्व में संयुक्त दल द्वारा किए गए निरीक्षण के आधार पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित कुमार तिवारी द्वारा नव्या मिनरल्स एवं संजीवनी जल के संचालक के विरुद्ध बिना पंजीयन एवं खाद्य सुरक्षा विनिमय के उल्लंघन का प्रकरण तैयार कर सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है.

## संक्षिप्त



### बच्चों को खोज कर पुलिस ने मिलाया परिजनों से

**रीवा,** शहर के दो थानो में बच्चो के अचानक गायब होने की सूचना मिली और पुलिस ने बगैर समय गवाए तत्परिता से बच्चो को खोज कर परिजनो के सुपुर्द किया . दरअसल अमहिया मोहल्ले से 3 वर्ष के बच्चे के अपहरण की खबर से सनसनी फैली थी . सूचना मिलते ही अमहिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल स्टाफ सहित मौके पर पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर एवं आमजन मानस के सहयोग से बच्चे को ढूंड परिजनों से मिलाया . परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था, बच्चा मिलने के बाद सभी मोहल्ले वासियों और परिजनों की जान में जान आई . पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह ने थाना प्रभारी सहित उनकी टीम को बधाई दी . इसी तरह सिटी कोतवाली थाना अन्तर्गत दोपहर 3 बजे एक बच्ची गायब हो गई . परेशान परिजन पुलिस के पास पहुंचे और थाना प्रभारी निशा मिश्रा और उनकी टीम ने सीसीटीवी कैमरो की मदद से बच्ची की तलाश कर परिजनो के सुपुर्द किया .

### अनिल गुप्ता बनें शतकवीर अभिकर्ता

**रीवा,** भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा रीवा प्रथम के वरिष्ठ अभिकर्ता अनिल कुमार गुप्ता ने इस सत्र में 100 नवीनतम बीमा पॉलिसी कर शतक वीर



अभिकर्ता होने का गौरव प्राप्त किया है . वहीं अपने विकास अधिकारी के सानिध्य में दूसरा स्थान हासिल किया है , अपने 31 साल के कैरियर में कई बार शतकवीर अभिकर्ता होने का गौरव हासिल किया है . इसी उपलब्धि पर शाखा प्रबंधक पुष्कर पाण्डेय, विकास अधिकारी संजय पांडेय, सहित समस्त स्टाफ ने बधाई दी है, वहीं यह उपलब्धि पर अपने सभी पालिसी धारक व इष्ट मित्रों व सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया है . इस उपलब्धि पर मनीष सिंह, डा अजीत सिंह, प्रकाश सिंह गहरवार, दिवाकर सिंह, भूपेंद्र सिंह शाखा प्रबंधक, राज बहोर गुप्ता, उमेश मिश्रा, शिव लोचन सिंह, सुरेन्द्र सिंह, अजय सोनी, कन्हैया लाल गुप्ता, मथुरा गुप्ता, अजय वर्मा, प्रदीप पटेल, शैलेन्द्र जायसवाल सहित सभी इष्टमित्रों ने बधाई दी है .



### जब विधायक ने खुद फायर ब्रिगेड से बुझाई आग

**रीवा,** तपती झुलसाती गर्मी में किसानों की कड़ी मेहनत की फसलों में वंचित एवं गरीब लाभार्थियों के खेतों में एवं घरों में, आये दिन आगजनी की घटनायें घटित होती रहती हैं . इसी घटनाक्रम के चलते विधानसभा क्षेत्र मनगवाँ के ग्राम पंचायत संसारपुर में शार्ट सर्किट के कारण भीषण आग लग जाने के कारण कई घर जल गये किसानों की खेतों में खड़ी एवं कटी हुई गेंहूँ की फाइल जलकर राख हो गई . जैसे ही घटनाक्रम की सूचना क्षेत्रीय विधायक मनगवाँ इन्जी . नरेन्द्र प्रजापति को लगी तो उन्होंने सीएमओ को निर्देशित करते हुये फायरब्रिगेड की गाड़ी बुलाकर बैकुंठपुर स्टेशन में अपनी नजरों के सामने फुल करवाया एवं स्वयं फायरब्रिगेड सहित घटनास्थल पर पहुंचकर स्वयं अपने हांथों से से फायरब्रिगेड अग्निशमन वाहन में चढ़ कर जेट नोजल को चारों ओर घुमाकर आग पर काबू पाया . चूंकि विधायक मनगवाँ स्वयं मैकेनिकल इन्जीनियर हैं तो उन्हें फायरब्रिगेड अग्निशमन वाहन के हाईस्पीड वाटर नोजल को आपरेट करने कोई दिक्कत नहीं गई और बड़े ही तकनीकी कौशलता का उपयोग करते हुए भीषण आग पर काबू पाया . विधायक नरेन्द्र प्रजापति की भूरि-भूरि प्रशंसा क्षेत्र के लोगों ने की कि आग पर काबू पाने के लिए स्वयं फायरब्रिगेड में पानी भरवा कर समस्या के समाधान पहुंचे और स्वयं फायरब्रिगेड के हाई स्पीड वाटर नोजल को आपरेट कर भीषण आग को बुझाया . इस दौर मंडल सूरा के अध्यक्ष मुकेश पटेल एवं ग्रामवासी भी आग बुझाने में सहयोग किये . इस समय क्षेत्र में लगातार आगजनी की घटनाएं हो रही है .

# उप मुख्यमंत्री ने सुना मन की बात कार्यक्रम का 133वां एपिसोड

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 26 अप्रैल, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा शहर के वार्ड क्रमांक पाँच में संयोजक राजीव शुक्ला के निवास में प्रधानमंत्री जी के मन की बात कार्यक्रम का 133वां एपिसोड सुना.**

इस दौरान गौरव पांडेय, वार्ड पार्षद राजीव शर्मा, डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी, प्रदीप सोहगौरा, कुंवर बहादुर सिंह, विजय शुक्ल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे. उल्लेखनीय है कि मन की बात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा रेडियो पर प्रसारित होने वाला एक मासिक कार्यक्रम है. यह कार्यक्रम प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को सुबह 11 बजे से प्रसारित होता है. इस कार्यक्रम को रेडियो के साथ-साथ दूरदर्शन, यूट्यूब सहित विभिन्न न्यूज पोर्टल्स पर भी लाइव सुना और देखा जा सकता है. यह कार्यक्रम हिंदी के अलावा कई क्षेत्रीय भाषाओं और बोलियों में अनुवादित कर प्रसारित किया जाता है. इस कार्यक्रम की शुरूआत 3 अक्टूबर 2014 से हुई थी. तब से यह अनवरत रूप से जारी है. इस रविवार के कार्यक्रम को मिलाकर इसके 133वें एपिसोड पूरे हो चुके हैं. इस कार्यक्रम ने अप्रैल 2023 में अपने 100 एपिसोड पूरे किए थे. प्रधानमंत्री श्री मोदी इस कार्यक्रम में सामाजिक और जमीनी मुद्दों पर चर्चा करते हैं. यह दुनिया के सबसे लोकप्रिय कार्यक्रमों में से एक है.



# निरंकारी फाउंडेशन ने शिविर में किया 133 यूनिट रक्तदान

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 26 अप्रैल, हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ईदगाह रोड घोघर स्थित संत निरंकारी भवन में संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें 74 पुरुष एवं 59 महिलाओं ने इसमें अपना योगदान दिया.**

शिविर का उद्घाटन डॉ. आशुतोष एवं बतौर मुख्य अतिथि रीवा सिंधी समाज के अध्यक्ष प्रहलाद सिंह ने रिबन काटकर किया. प्रहलाद सिंहने मिशन के सेवा कार्यों की सराहना की. उन्होंने कहा कि रक्तदान न केवल स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती प्रदान करता है, बल्कि यह समाज में एकजुटता और भाईचारे का सशक्त संदेश भी प्रसारित करता हैं. निरंकारी मिशन आध्यात्मिक ज्ञान के साथ-साथ जनसेवा के क्षेत्र में भी रीवा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है. इस रक्तदान शिविर में संजय गांधी श्यामशाह चिकित्सालय ब्लड बैंक से डॉ. लोकेश त्रिपाठी, डॉ. राकेश कुमार धनकर, डॉ. सुशील कुमार वर्मा एवं बिछिया हॉस्पिटल के ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. सबा हुसैन जी अपनी-अपनी टेक्निकल और पैरामेडिकल स्टाफ़ टीम के साथ मिलकर इस कार्य को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई.निरंकारी मिशन रीवा ब्रांच के संयोजक राजकुमारी ककवानी ने निरंकारी बाबा हरदेव सिंह के कथन को दोहराते हुए कहा कि 'रक्त नालियों में नहीं, नाड़ियों में बहना चाहिए.

# सेहुंड़ा तालाब में जल संवाद के साथ श्रमदान

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 26 अप्रैल, जन अभियान परिषद के संयोजन में जिले के ग्राम सेहुंड़ा स्थित भुलानिहा शासकीय तालाब में जल गंगा अभियान के अंतर्गत सामूहिक श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

अधिकारियों, ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न संस्थाओं के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए तालाब की सफाई एवं संरक्षण कार्य किया. कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए वर्षा जल संचयन और जल स्त्रोतों के संरक्षण पर जोर दिया. साथ ही भुलानिया मंदिर के जीर्णोद्धार एवं तालाब के सौंदर्यीकरण की विस्तृत योजना बनाने पर सहमति बनी, जिससे क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान और पर्यावरण संरक्षण दोनों को बढ़ावा मिल सके.इस अवसर पर संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक, जिला समन्वयक जागेश्वर ताम्रकार, अमित अभ्यादस आदि मौजूद रहे.



# मऊगंज में दोनों पालियों में 78 प्रतिशत परीक्षार्थी रहे उपस्थित

**नवभारत न्यूज**
**मऊगंज, 26 अप्रैल, मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 जिले में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई. परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई.**

प्रथम पाली में जिले के दो परीक्षा केंद्रों पर कुल 560 परीक्षार्थियों का पंजीयन था, जिनमें से 441 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 119 अनुपस्थित रहे. इस प्रकार प्रथम पाली में कुल उपस्थिति 78.75 प्रतिशत दर्ज की गई. शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय पर 200 में से 150 अभ्यर्थी उपस्थित रहे. वहीं पीएमश्री शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय केंद्र पर 360 में से 291 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी.द्वितीय पाली में कुल 560 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 436 उपस्थित रहे, जबकि 124 अनुपस्थित रहे.

इस प्रकार द्वितीय पाली में 77.85 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई. कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय केंद्र पर 200 में से 148 परीक्षार्थी उपस्थित रहे.

### एडीएम ने लिया पीएससी परीक्षा का जायजा

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा पूरे प्रदेश में राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन किया गया . रीवा जिले में परीक्षा के सुचारु और पारदर्शी संचालन को सुनिश्चित करने के लिए पूरी व्यवस्थाएं की गई थीं . अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा संचालन का जायजा लिया . उन्होंने परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थियों के प्रवेश और बैठक व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और केन्द्र प्रभारियों को परीक्षा की गोपनीयता बनाए रखने तथा परीक्षार्थियों द्वारा प्रतिबंधित सामग्री का उपयोग न किए जाने के संबंध में निर्देश दिए . निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे .

# महानगर की तर्ज पर संवरेगी रीवा की यातायात व्यवस्था

## भविष्य की जरूरतों के अनुरूप तैयार होगा 'रोडमैप : शुक्ल

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 26 अप्रैल, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने नवीन सर्किट हाउस सभागार में आयोजित बैठक में कहा कि बायपास मार्ग में पुल के सुधार का कार्य 15 दिन में अनिवार्य रूप से पूरा कराएं.**

बैठक में उप मुख्यमंत्री ने निर्माण एजेंसी से बायपास मार्ग पर स्थित पुल के मरम्मत कार्य की विस्तृत जानकारी ली और हो रही देरी पर चिंता व्यक्त की. उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि 15 दिनों के भीतर पुल के सुधार का कार्य अनिवार्य रूप से पूरा कराएं. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि पुल से आवागमन बाधित होने के कारण शहर के भीतरी मार्गों पर भारी वाहनों का दबाव बढ़ गया है, जिससे आमजन को भारी जाम का सामना करना पड़ रहा है. वर्तमान में वैवाहिक सीजन के कारण रात्रि में सड़कों पर बढ़ती चहल-पहल को देखते हुए उन्होंने बायपास रोड के चौड़ीकरण कार्य को भी निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए. उप मुख्यमंत्री ने कहा



कि शहर को जाम मुक्त बनाने के लिए यातायात बाधित करने वाले तत्वों पर वैधानिक कार्यवाही करें. यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध निरंतर चालानी कार्यवाही जारी रखें. शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में पार्किंग व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए ठोस कार्ययोजना लागू करें. यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए उप मुख्यमंत्री ने शहर में ऑटो रिक्शा के लिए सुनियोजित पार्किंग स्थलों का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता को सुगम और निर्बाध यातायात उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा संभाग मध्यप्रदेश का ऐसा पहला संभाग बनने जा रहा है, जहाँ रिंग रोड और बुनियादी ढांचे का कार्य रिकॉर्ड समय में पूरा होने जा रहा है. उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता और गति में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए. समीक्षा बैठक में रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत, पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान, नगर निगम आयुक्त अक्षत जैन, एडीएम सपना त्रिपाठी मौजूद रही.

### उप मुख्यमंत्री ने नगर निगम के कार्यों की समीक्षा की


**रीवा, 26 अप्रैल,** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में रीवा नगर निगम द्वारा किए जा रहे पेयजल एवं सीवरेज निर्माण कार्यों की समीक्षा की. बैठक में उन्होंने कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं निर्धारित समयसीमा के पालन को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पेयजल एवं सीवरेज जैसी आधारभूत सुविधाएं आमजन के जीवन से सीधे जुड़ी होती हैं, इसलिए इन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. उन्होंने निर्माण एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्यों को तय समयसीमा में पूरा करें तथा कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित मॉनिटरिंग करें. पेयजल की पाइपलाइन और सीवरेज लाइन निर्माण की कठिनाईयों को आपसी समन्वय से दूर करें. हर घर को पर्याप्त और साफ पानी देना आवश्यक है. उन्होंने यह कहा कि निर्माण कार्यों के कारण कोई पेयजल की पाइपललाइन क्षतिग्रस्त न हो. बैठक में निगम आयुक्त मौजूद रहे.

# कमिश्नर ने स्वगणना पोर्टल में स्वयं दर्ज की अपनी जानकारी

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 26 अप्रैल, रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने आगामी जनगणना के लिए 'स्वगणना पोर्टल' के माध्यम से अपनी और अपने परिवार की जानकारी स्वयं दर्ज की.**

कमिश्नर कार्यालय में कंप्यूटर के माध्यम से इस प्रक्रिया को पूरा करते हुए उन्होंने न केवल अपनी नागरिक जिम्मेदारी निभाई, बल्कि संभाग के समस्त नागरिकों के लिए एक मिसाल भी पेश की. इस पहल का मुख्य उद्देश्य आम जनता को यह संदेश देना है कि तकनीक के माध्यम से जनगणना का कार्य अब बेहद सरल, सुरक्षित और त्वरित हो गया है.

कमिश्नर ने कहा कि पोर्टल पर जानकारी भरने के बाद स्वगणना आईडी प्राप्त होती है जिसे नागरिक संभाल कर रखें ताकि भविष्य में जब प्रगणक उनके घर आएं, तो वे केवल इस आईडी को दिखाकर अपनी जानकारी सत्यापित करा सकें. इस डिजिटल प्रक्रिया के दौरान भरी जाने वाली जानकारियों का



विवरण भी अत्यंत महत्वपूर्ण है, जो मुख्य रूप से मकान और घर की सुविधाओं पर केंद्रित हैं. इसमें सबसे पहले घर के मुखिया का नाम और मोबाइल नंबर दर्ज कर ओटीपी के माध्यम से सत्यापन किया जाता है. इसके बाद पोर्टल पर मौजूद डिजिटल मैप के जरिए घर की सटीक लोकेशन को चिन्हित किया जाता है. मुख्य प्रश्नावली में लगभग 33 प्रश्न शामिल होते हैं, जिनमें मकान की स्थिति (कच्चा या पक्का), छत, दीवार और फर्श में इस्तेमाल की गई सामग्री, घर में कमरों की संख्या और वहां रहने वाले विवाहित जोड़ों का विवरण देना होता है. इसके अलावा बुनियादी सुविधाओं की भी जानकारी भरी जा सकती है.